# प्रेस विज्ञप्ति

तत्काल उपयोग हेतु

## श्री नरेंद्र मोदी, माननीय प्रधानमंत्री ने राजस्थान में ₹3,600 करोड़ से अधिक लागत की पावरग्रिड ट्रांसमिशन परियोजनाओं का उद्घाटन किया

**गुरुग्राम:** श्री नरेंद्र मोदी, माननीय प्रधानमंत्री ने राजस्थान में पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड), विद्युत मंत्रालय के अधीन एक महारत्न सार्वजनिक उपक्रम की दो प्रमुख ट्रांसमिशन अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं पर कुल ₹3,600 करोड़ से अधिक का निवेश किया गया है। इनमें "राजस्थान के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों (20 GW) से विद्युत निकासी हेतु ट्रांसमिशन प्रणाली फेज-III भाग-B1" के अंतर्गत 765/400/220 kV भादला-III सबस्टेशन तथा 765 kV डबल सर्किट भादला-III–सीकर-II ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त "राजस्थान के सौर ऊर्जा क्षेत्रों (8.1 GW) से विद्युत निकासी हेतु ट्रांसमिशन प्रणाली सुदृढ़ीकरण योजना फेज-II भाग-E" के अंतर्गत 765 kV डबल सर्किट भादला-II–सीकर-II द्वितीय ट्रांसमिशन लाइन विकसित की गई है।

इन रणनीतिक ट्रांसमिशन प्रणालियों का विकास राजस्थान के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों (REZ), विशेष रूप से भादला क्षेत्र से बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी को सुगम बनाने के उद्देश्य से किया गया है। भादला क्षेत्र विश्व के सबसे बड़े सौर पार्कों में से एक है, जिसकी स्थापित क्षमता 2.2 GW से अधिक है। ये परियोजनाएं देश में तेजी से विकसित हो रहे नवीकरणीय ऊर्जा ईकोसिस्टम तथा दीर्घकालिक आर्थिक विकास को आधार प्रदान करने वाले सुदृढ़ एवं भविष्य के अनुरूप राष्ट्रीय ट्रांसमिशन नेटवर्क के निर्माण में पावरग्रिड की महत्वपूर्ण भूमिका को और सशक्त बनाती हैं।

15 फरवरी 2026 तक, पावरग्रिड 290 सब-स्टेशनों, 1,84,370 सर्किट किमी ट्रांसिमशन लाइनों और 6,02,016 MVA की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता को कमीशन कर प्रचालित कर रहा है। नवीनतम उपकरणों और तकनीकों को अपनाने, स्वचालन और डिजिटल समाधानों के उन्नत उपयोग से, पावरग्रिड 99.84% की औसत ट्रांसिमशन प्रणाली उपलब्धता बनाए रखने में सक्षम रहा है।

***जारीकर्ता:***
***टीम कॉर्पोरेट संचार***
***हमें ट्विटर पर फॉलो करें: @pgcilindia***
***ई-मेल: powergrid.pr@powergrid.in***
***www.powergrid.in***